दिनांक–10.05.26 समय–07.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल

## सांध्यकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज तेलंगाना में 9 हजार 400 करोड़ रूपये की परियोजना का उद्घाटन और शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर के भैरूंदा में पीएम ग्राम सड़क योजना का शुभारंभ किया।
- संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा–गुना में सीमेंट फैक्ट्री से खुलेंगे औद्योगिक विकास के नये अवसर।
  और
- प्रदेश में तेज लू का अलर्ट जारी। दो से चार डिग्री बढ़ सकता है पारा।

**प्रधानमंत्री–हैदरबाद दौरा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज तेलंगाना में लगभग नौ हजार चार सौ करोड़ रुपये की लागत की कई ढांचागत और औद्योगिक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हैदराबाद में जन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों के कारण भारत पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न ऊर्जा संकट का प्रभावी ढंग से प्रबंधन कर रहा है। उन्होंने कहा कि ईंधन का संयमित उपयोग आज समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत सौर ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी देश के रूप में उभरा है।

श्री मोदी ने कहा कि आयातित पेट्रोलियम उत्पादों का उपयोग केवल आवश्यकतानुसार ही किया जाना चाहिए, इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और मौजूदा संघर्ष के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी।

**गृह मंत्री– समीक्षा बैठक**

गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में उच्च स्तरीय बैठक में संभावित बाढ़ और लू की स्थिति से निपटने के लिए देश की तैयारियों की समीक्षा की। श्री शाह ने सरकारी एजेंसियों की तैयारियों का आकलन किया, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों, संसाधनों की तैनाती और अंतर–एजेंसी समन्वय की समीक्षा की। गृह मंत्री ने देश में किए जा रहे दीर्घकालिक बाढ़ निवारण उपायों की प्रगति की भी समीक्षा की, जिनमें महत्वपूर्ण ढांचागत परियोजनाओं का संरक्षण, नदी प्रबंधन पहल और पूर्वानुमान में वैज्ञानिक प्रगति शामिल हैं।

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना**

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सीहोर जिले के भैरुंदा में

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज–4 एवं प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के कार्यों का शुभारंभ किया। अस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने यह संभव कर दिखाया है। इस योजना से बनीं सड़कें गांवों की जीवन धारा बन चुकी हैं।

वहीं केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में 973 सड़कों को मंजूरी दी गई है। प्रदेश का कोई गांव पक्की सड़कों ने वंचित नहीं रहेगा। पीएम जनमन के अंतर्गत भी पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 261 करोड़ लागत की नई सड़कों की सौगात मिली है। प्रदेश का कोई गरीब बिना छत के नहीं रहेगा।

## गुना भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज गुना में 1059 करोड़ रूपये की लागत से अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री का शिलान्यास एवं 130 करोड़ रूपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि–पूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह सीमेंट प्लांट क्षेत्र में निवेश, रोजगार और औद्योगिक विकास के नए अवसरों का द्वार खोलेगा तथा ग्वालियर–चंबल की विकास यात्रा को ऊर्जा प्रदान करेगा।

## यूपी– मंत्रिमंडल

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने लखनऊ के जन भवन में आयोजित कार्यक्रम में छह मंत्रियों को शपथ दिलाई। इसके अलावा दो राज्य मंत्रियों का दर्जा बढ़ाकर उन्हें स्वतंत्र प्रभार का कार्य दिया गया।

## तमिलनाडु – शपथ ग्रहण

टीवीके प्रमुख सी. जोसेफ विजय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले राज्यपाल ने उन्हें पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर 9 मंत्रियों ने भी शपथ ग्रहण की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सी. जोसेफ विजय को तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है।

## सोमनाथ पर्व

गुजरात में सोमनाथ मंदिर में अमृत पर्व पर हर्षोल्लास और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। भगवान शिव से जुड़े 12 ज्योतिर्लिंग आस्था और श्रद्धा के विशेष केंद्र हैं और उनमें सोमनाथ प्रथम ज्योतिर्लिंग है। अमृत पर्व पर, पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के शिखर का 11 तीर्थ स्थलों के जल से अभिषेक किया जाएगा।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में कल ध्वज पूजा और महापूजा होगी।

**"स्वर्ण जयंती सम्मान समारोह"–सतना**

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्रि ठाकुर ने आज सतना में मातृ दिवस के अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पदों के सृजन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित "स्वर्ण जयंती सम्मान समारोह" में शामिल हुई। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश बुलंद आवाज नारी शक्ति आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संगठन द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री श्रीमती ठाकुर ने कहा कि आंगनवाड़ी की हमारी बहनें विकसित भारत की मजबूत नींव तैयार करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं।

**मौसम**

मौसम विभाग ने प्रदेश में तेज लू का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार राजधानी भोपाल के अलावा इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर सहित पूरे प्रदेश में दिन का पारा 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। कल रतलाम में दिन का तापमान 44 डिग्री सेस्सियस दर्ज हुआ।

**समाचार संक्षेप में :–**

- शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले ''युवा संगम'' का आयोजन 14 मई को किया जाएगा
- मंडला के कान्हा टाइगर रिजर्व के सरही पर स्थानीय महिलाओं द्वारा संचालित आधुनिक कैंटीन का शुभारंभ किया गया।
- ओंकारेश्वर घाटों पर सुरक्षा नियम तोड़ने वाले नाविकों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।
- जल गंगा संवर्धन अभियान के आज आगरमालवा के सुसनेर में कंठाल नदी से जलकुंभी, कचरा और गंदगी की सफाई की गई।
- शिवपुरी कलेक्टर ने सभी सहायक कृषि विस्तार अधिकारियों को उर्वरक विक्रेताओं की जांच एवं अनियमितता पाये जाने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये है।
- सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने आज मंडला के रामनगर में 15 और 16 मई को आयोजित होने वाले दो दिवसीय "आदि उत्सव" की तैयारियों का जायजा लिया।
  और
- नर्मदापुरम के माखन नगर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- 

––––––––––––––––––––